दैनिक भास्कर

नर्मदापुरम भास्कर 19-09-2026

# जिला स्तरीय महिला बैडमिंटन स्पर्धा: गृह विज्ञान कॉलेज बना चैंपियन, नर्मदा कॉलेज रहा उपविजेता

नर्मदापुरम| शासकीय गृह विज्ञान कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार के निर्देशन में संपन्न हुआ। शुभारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भारती दुबे, रश्मि श्रीवास्तव, जी.सी. पांडे और विधायक प्रतिनिधि नैना सोनी ने किया। आयोजन सचिव व स्पोर्ट्स ऑफिसर धर्मेंद्र सिंह ने बताया स्पर्धा में जिले भर के 7 प्रमुख महाविद्यालयों की महिला टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला मेजबान गृह विज्ञान कॉलेज और नर्मदा कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें गृह विज्ञान कॉलेज की टीम ने खिताब अपने नाम किया।



## पांच खिलाड़ियों को संभाग के लिए हुआ चयन

उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गृह विज्ञान कॉलेज की पूर्वा सोनी व श्रीकांता राजपूत, नर्मदा कॉलेज की साक्षी बघेल, पचमढ़ी कॉलेज की नीति यादव तथा टिमरनी कॉलेज की विशाखा का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

एनआईएस कोच चेतन सिंह ने निर्णायक और मुकेश चंद्र बिष्ट ने प्रेक्षक की भूमिका निभाई। समापन पर प्राचार्य व रश्मि श्रीवास्तव ने विजेता ,उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने आभार जताया।